# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा/माध्य/निप्र/नवाचार/प्रयास–2018/06 दिनांक : 15/01/2018

समस्त मण्डल उपनिदेशक
माध्यमिक शिक्षा ।

**विषयः–** परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु अभिनव कार्य योजना के सम्बन्ध में पारस्परिक विमर्श हेतु दिनांक : 17.01.2018 (बुधवार) को डी.एल.एस.आर. में बैठक आयोजन के सम्बन्ध में ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, बीकानेर के तत्वावधान में माध्यमिक परीक्षा–2018 हेतु बोर्ड परीक्षा परिणाम में संख्यात्मक एवं गुणात्मक सुधार हेतु अभिनव कार्य योजना निर्मित की जा रही है । उक्त कार्य योजना की सम्पूर्ण राज्य में सुचारू कियान्विति के लिए पारस्परिक विमर्श हेतु दिनांक : 17.01.2018 (बुधवार) को प्रातः 11.00 बजे मण्डल/जिला मुख्यालय पर स्थित डी.एल.एस.आर. में बैठक आयोजित की जा रही है । बैठक में उक्त कार्य योजना के सम्बन्ध में सार्थक विचार–विमर्श हेतु अग्रांकित विवरणानुसार अधिकारियों/कार्मिकों की उपस्थिति मण्डल/जिला मुख्यालय स्थित डी.एल.एस.आर. में यथासमय सुनिश्चित करें :–

1 मण्डल उपनिदेशक (माध्यमिक)
2 मण्ड़ल कार्यालय में पदस्थापित सहायक निदेशक/शैक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी
3 अधीनस्थ समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक)
4 जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थापित अतिरिक्त जि.शि.अ.(शैक्षिक)
5 माध्यमिक कक्षा हेतु कठिनाई स्तर के विषय गणित,अंग्रेजी तथा विज्ञान विषय में आपके मण्डल परिक्षेत्र के विगत वर्ष निदेशालय स्तर पर आयोज्य कार्यशालाओं में Mentor Teacher के रूप में भाग लेने वाले विषयाध्यापक (तीनों विषयवार आयोजित कार्यशालाओं में उपस्थित Mentor Teachers की सूचियां संलग्न)
6 प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान,बीकानेर/अजमेर मय संस्थान में कार्यरत विषय विशेषज्ञ (सम्बन्धित मण्डल मुख्यालय हेतु)
7 प्रधानाचार्य, शाह गोवर्धन लाल काबरा शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर (जोधपुर स्थित डी.एल.एस.आर. हेतु)
8 प्रधानाचार्य,गाँधी विद्या मन्दिर उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, सरदारशहर, चूरू (चूरू स्थित डी.एल.एस.आर. हेतु)

उक्त बैठक में इस कार्यालय के समसंख्यक **निर्देश पत्र दिनांक : 13.07.2017**, जिसके द्वारा आपके परिक्षेत्र में अधीनस्थ संस्थाप्रधानों को बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु सार्थक कार्य योजना बनाकर कियान्विति सुनिश्चित करने हेत निर्देशित किया गया था, के सम्बन्ध में **मण्डल/जिला स्तर पर विगत छः माह की प्रगति समीक्षा** की जाएगी। उक्तानुसार तैयारी के साथ बैठक में स्वयं की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए उपर्युक्त वर्णित अधिकारियों को भी उपस्थिति हेतु पाबन्द किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करे।

- इसी बैठक में अधोहस्ताक्षरकर्त्ता एवं निदेशालय के अकादमिक अधिकारियों के साथ मण्डल/जिला अधिकारियों तथा Mentor Teachers (विषयाध्यापकों) की पारस्परिक चर्चा/विमर्श उपरान्त सम्पूर्ण राज्य में परीक्षा परिणाम उन्नयन की सार्थक कार्य योजना को अन्तिम रूप दिया जाना है, अतः उक्तानुरूप बैठक में पूर्व तैयारी एवं अनुभव जनित सुझावों/उपायों के साथ भाग लेने का श्रम करें ।

**नोटः–** कोटा मण्डल मुख्यालय पर कोटा तथा बूंदी जिले के अधिकारी/कार्मिक उक्त बैठक में भाग लेंगे, वहीं बारां तथा झालावाड़ स्थित डी.एल.एस.आर. में सम्बन्धित जिले के अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहेंगे ।

**संलग्नः** उपर्युक्तानुसार सूचियां ।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव,शासन सचिव,स्कूल शिक्षा विभाग,राजस्थान,जयपुर ।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक– प्रथम/द्वितीय को सुनिश्चित पालना हेतु ।
3. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान,बीकानेर/अजमेर ।
4. प्रधानाचार्य , शाह गोवर्धन लाल काबरा शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर/ गाँधी विद्या मन्दिर उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, सरदारशहर, चूरू ।
5. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा ।
6. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु ।
7. निदेशक,राजस्थान राज्य शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशासन संस्थान (SIEMAT), जयपुर को निर्दिष्ट तिथि एवं समयावधि के लिए निदेशालय हेतु स्लॉट बुक करने बाबत् ।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

# कार्यालय, उपनिदेशक (माध्यमिक), जोधपुर मण्डल, जोधपुर

## —: उपस्थिति पत्रक :—

निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के निर्देशानुसार दिनांक 27.01.2017 को प्रयास 2017 के अन्तर्गत कक्षा–10 के बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन (विषय–गणित) हेतु इस कार्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में निम्न शिक्षकों (MENTOR) ने अपनी उपस्थिति शाह गोवर्धन लाल काबरा शिक्षक महाविद्यालय (सी.टी.ई) जोधपुर में दी।

| क्रस. | नाम | पद | कार्यरत स्थान | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री विजय कुमार पाठक | व0अ0 | रा.उ.मा.वि. पडौली गोर्धन, बांसवाडा | 9549603351 |
| 2. | श्री उमंग पण्ड्या | व0अ0 | रा.मा.वि. वाका,बांसवाडा | 9414645581 |
| 3. | श्री ओमप्रकाश जांगिड़ | प्र/अ | रा.मा.वि. गोलिया मगरा, जोधपुर | 9461034481 |
| 4. | श्री मनोरंजन गौड | प्रधानाचार्य | रा.उ.मा.वि. चांदरख, जोधपुर | 9660754594 |
| 5. | श्री अनिल कुमार धींगरा | व0अ0 | रा.मा.वि. ढण्ढ, जोधपुर | 9460466900 |
| 6. | श्री सुनिल कुमार जोशी | व0अ0 | रा.उ.मा.वि. घोटाद, सागवाडा, डूंगरपुर | 9929463190 |
| 7. | श्री जयसिंह चौहान | व0अ0 | रा.मा.वि. चूली की ढाणी, झुन्झुनु | 9929449772 |
| 8. | श्री दिलीप सिंह परमार | व0अ0 | रा.उ.मा.वि. वागसीन, सिरोही | 9460106266 |
| 9. | श्री मनीष दवे | व0अ0 | रा.उ.मा.वि. नारवा, जोधपुर | 9414361835 |
| 10. | श्री मनोज कुमार जांगिड़ | व0अ0 | रा.मा.वि. लालपुर, नदबई, भरतपुर | 8290783964 |
| 11. | श्री विजय कुमार शर्मा | व0अ0 | रा.आ.उ.मा.वि. गोहेदीख फागी, जयपुर | 9468771788 |
| 12. | मोनिका पुनियां | व0अ0 | रा.बा.उ.मा.वि. लूणी, जोधपुर | 9672414281 |
| 13. | श्री अजहरूदीन | व0अ0 | रा.आ.उ.मा.वि., समेलिया, भीम | 9983015718 |
| 14. | श्री राजेश राठौड | व0अ0 | रा.उ.मा.वि. गोदल्याहेडी, लाडपुरा, कोटा | 9829515213 |
| 15. | शिखा गौतम | व्याख्याता | रा.उ.मा.वि. बनियानी, लाडपुरा, कोटा | 9461294778 |
| 16. | श्री दिनेश शर्मा | व0अ0 | रा.मा.वि. भटवाडा, सलूम्बर, उदयपुर | 9413786856 |
| 17. | श्री नरेन्द्र चपलोत | व0अ0 | रा.मा.वि. भटेवर, उदयपुर | 9414316643 |
| 18. | श्री रामबिलास गुर्जर | व0अ0 | रा.उ.मा.वि. सोहेला, टोंक | 9602873940 |
| 19. | श्री छैलबिहारी शर्मा | व्याख्याता | रा.उ.मा.वि. थून, भरतपुर | 9829868604 |
| 20. | श्री रमेश कुमार | व0अ0 | रा.मा.वि. डासमाण, चुरू | 9783189159 |
| 21. | श्री संजय पण्ड्या | व0अ0 | आ.रा.उ.मा.वि. थाणा, डूंगरपुर | 7737630351 |
| 22. | श्री बनवारी लाल धाकड़ | अध्यापक | आ.रा.उ.मा.वि. कनेरा, चितौडगढ़ | 9413868013 |
| 23. | श्री सुनील मिश्रा | व0अ0 | रा.मा.वि. सनावडा, जैसलमेर | 9694568114 |
| 24. | मीनाक्षी शर्मा | व0अ0 | रा.आ.उ.मा.वि. सतोलिया, झालावाड | 9461113194 |
| 25. | श्री प्रदीप कुमार | व0अ0 | रा.मा.वि. बालू खां की ढाणी, बाड़मेर | 9982812159 |
| 26. | श्री महेश कुमार कुलड़िया | व0अ0 | रा.उ.मा.वि., सोनडी, बाड़मेर | 8104270569 |
| 27. | श्री देवेन्द्र कुमार | व्याख्याता | रा.उ.मा.वि. चैनपुरा, जोधपुर | 9414755623 |

www.rajteachers.com

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28. | श्री भंवरलाल विश्नोई | व0अ0 | रा.मा.वि. ढण्ढोरा, भोपालगढ़, जोधपुर | 9521643245 |
| 29. | श्री अंकुश निर्वाण | व्याख्याता | रा.उ.मा.वि. दईपडा खिचियान,लूनी, जोधपर | 9414319400 |
| 30. | श्री कैलाश कुमार | व0अ0 | रा.उ.मा.विद्यालय, ऐलाना, जालोर | 9829568183 |
| 31. | डिम्पल शर्मा | व0अ0 | रा.बा.उ.मा.वि., झालावाड | 9214949149 |
| 32. | श्री अनिल कुमार तिवाडी | व0अ0 | रा.उ.मा.वि. कोकुण्डा, जोधपुर | 9413848541 |
| 33. | श्री सुभाष चन्द्र मड़िया | व्याख्याता | राज. सादूल स्पोर्टस स्कूल, बीकानेर | 9414801755 |
| 34. | श्री सुरेश चन्द्र यादव | व0अ0 | रा.बा.उ.मा.वि, लोट्टावट, जोधपुर | 8561838391 |
| 35. | श्री कैलाश चन्द्र सैनी | व0अ0 | रा.उ.मा.वि. खीम्पसर, बाड़मेर | 9001753557 |
| 36. | श्री शिवकुमार अग्रवाल | व्याख्याता | रा.उ.मा.वि. बाटोदा, सवाई माधोपुर | 9413709341 |

उप निदेशक (माध्यमिक),
शिक्षा विभाग जोधपुर।
दिनांक :- 27/01/2017

क्रमांकः–ईडीडी / मा. / जोध. / शै.प्र. / 2016–17/6448

प्रतिलिपिः–

1. निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।
2. समस्त मण्डल उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा.................।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक प्रथम–द्वितीय)..................।
4. प्राचार्य शाह गोवर्धन लाल काबरा शिक्षक महाविद्यालय (सी.टी.ई) जोधपुर।
5. संबंधित संस्थाप्रधान..........................................................।
6. संबंधित श्री / श्रीमती..........................................................।

उप निदेशक (माध्यमिक),
शिक्षा विभाग जोधपुर।

www.rajteachers.com

# कार्यालय उपनिदेशक (माध्यमिक शिक्षा) अजमेर मण्डल, अजमेर

क्रमांक : उनिशि / माध्य / अज / शैप्र / 2017 / 866

दिनांक : 23.01.2017

## उपस्थिति प्रमाण–पत्र

बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु अभिनव कार्ययोजना (प्रयास 2017) के विज्ञान विषय की एक दिवसीय कार्यशाला राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, अजमेर में दिनांक 23.01.2017 को आयोजित की गई। जिसमे निम्न शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दी।

| क्र.स. | जिला | नाम संभागी | पदस्थापन स्थान (उमावि / मावि / राउमावि / रामावि | मो.न. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोधपुर | श्री सुरेश कुमार | ढण्ढोरा | 9461115903 |
| 2 | बीकानेर | श्री संतोष कुमार मेहरड़ा | मुरलीधर व्यास | 9468566137 |
| 3 | पाली | श्री मदनलाल राखेचा | बोमादड़ा | 9928659567 |
| 4 | डूंगरपुर | श्री विजयपाल भगोरा | गन्धवापाल | 8426967139 |
| 5 | डूंगरपुर | श्री मयंक कुमार भट्ट | आरा | 9928474189 |
| 6 | जैसलमेर | श्री राजेश कुमार | नेहड़ाई | 7665068744 |
| 7 | अलवर | श्री देशराज यादव | आकोली | 8003977305 |
| 8 | अलवर | श्री राजकुमार यादव | रामसिंहपुरा, बहरोड | 9413065317 |
| 9 | अजमेर | श्री ईश्वर लक्षकार | मानखण्ड | 9251602690 |
| 10 | अजमेर | श्रीमती हेमन्ती | भगवानपुरा | 9928487390 |
| 11 | बाड़मेर | श्री ओमप्रकाश कुम्हार | ओड़ा धोरीमना | 9636442901 |
| 12 | झुन्झुनु | श्रीमती भगवंती पूनिया | मण्डवा | 9783805610 |
| 13 | बीकानेर | श्री भंवरलाल कल्याण | खाजूवाला | 9829551820 |
| 14 | चूरू | श्री दानाराम ढूकिया | गुडावड़ी | 9414390724 |
| 15 | जैसलमेर | श्री राजेन्द्र सिंह सिराधना | लवां | 9784736627 |
| 16 | चूरू | श्री विनोद कुमार | अड़ीसर | 9772632794 |
| 17 | उदयपुर | श्री प्रकाश कुमार | ढावा | 9929826346 |
| 18 | सीकर | श्री केसरमल खरा | खूड़ | 9667007414 |
| 19 | झुन्झुनु | श्री जयदीप जाखड़ | छऊ, उदयपुरवाटी | 9460779001 |
| 20 | करोली | श्री प्रतापसिंह | सिंघनिया | 9610728940 |
| 21 | करोली | श्री सुरेश चन्द मीणा | मान्नौज | 9785858190 |
| 22 | दौसा | श्री इन्द्रजीत मधुकर | खुरीकला | 7742892224 |
| 23 | दौसा | श्री राकेश कुमार शर्मा | रेलवे स्टेशन, दौसा | 9784412042 |
| 24 | जयपुर | श्री सांवरमल चौधरी | पचकोड़िया | 9829228396 |
| 25 | अजमेर | दीप्ति वर्मा | मोतीसर | 9680614989 |
| 26 | अजमेर | सुमन अग्रवाल | नूरियावास | 9928736856 |
| 27 | अजमेर | मंजू चौधरी | आदर्श नगर, अजमेर | 9460089765 |
| 28 | बाड़मेर | श्री सुरेश कुमार | बुड़ीवाड़ा | 9950162423 |
| 29 | जोधपुर | श्री रमेश राम | उन्तेसर | 9694265180 |
| 30 | भरतपुर | श्री विक्रम सिंह सोलंकी | मेहरावर कुम्हेर | 9887989946 |
| 31 | नागौर | श्री निर्मल शर्मा | गगराना | 9414548377 |
| 32 | सीकर | श्री मनोज कुमार | रसीदपुरा | 9983983140 |
| 33 | झुन्झुनु | श्री भंवरलाल | पापड़ा | 9414669108 |
| 34 | जालौर | श्री दिनेश तंवर | ऐलाना | 9772355960 |

www.rajteachers.com

| क्र.स. | जिला | नाम संभागी | पदस्थापन स्थान (उमावि / मावि / राउमावि / रामावि | मो.नं. |
|---|---|---|---|---|
| 35 | सीकर | मूलचन्द रैगर | रूलाना | 9928821172 |
| 36 | सीकर | सुमन | बीदासर | 9610129292 |
| 37 | अजमेर | श्री नीरज कुमार शर्मा | कडैल | 9414220259 |
| 38 | अजमेर | श्री पवन कुमार शर्मा | मांगलियावास | 9414419958 |
| 39 | बांसवाड़ा | श्री मनोज कुमार जोशी | कुमजी का थाला | 9928874896 |
| 40 | बांसवाड़ा | श्री विपिन कुमार पड्या | निचली मोरडी | 8875280326 |
| 41 | भरतपुर | श्री लोकेन्द्र सिंह | कलसाड़ा | 7597339313 |
| 42 | झुन्झुनु | श्री संदीप कालेर | कुमावास | 9829352432 |
| 43 | राजसमन्द | श्री दूल्हे सिंह झाला | आमेट | 9414658681 |
| 44 | नागौर | श्री राजेश देवड़ा | खरनाल | 9024677389 |
| 45 | जालौर | ऋषिराज सैनी | मडगांव | 9602562932 |
| 46 | अजमेर | श्री पुखराज वर्मा | कणोज | 9828177553 |
| 47 | टोंक | श्री मनराज वर्मा | पासरोटिया | 9461625681 |
| 48 | टोंक | श्री मुकेश कुमार मेवाड़ा | टोकरावास | 9694557249 |
| 49 | टोंक | प्रवीण कुमार वर्मा | काकलवाड़ | 9166571702 |
| 50 | भीलवाड़ा | श्री संतोष कुमार विश्नोई | गढपाछली आमली | 9001603296 |
| 51 | भीलवाड़ा | श्री घनश्याम लाल टेलर | बेमाली | 9413055181 |
| 52 | भीलवाड़ा | श्री मुकेश कुमार माली | आमा | 9772339461 |
| 53 | भीलवाड़ा | श्री मदन लाल जोशी | भाजरास | 9928041679 |
| 54 | जयपुर | उर्मिला चौधरी | हीरा का वास | 9413901043 |
| 55 | भीलवाड़ा | श्री सत्यनारायण शर्मा | अन्ताली | 9166026883 |
| 56 | सीकर | श्री राजेश शर्मा | भारणी | 9413010914 |
| 57 | सीकर | राजबाला | खूड | 9461699361 |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

उपनिदेशक (मा.शि.)
अजमेर मण्डल, अजमेर

प्रतिलिपि –

1– श्रीमान् निदेशक मा.शि. राजस्थान, बीकानेर
2– संबंधित संस्था प्रधान
3– संबंधित कार्मिक
4– कार्यालय प्रति

उपनिदेशक (मा.शि.)
अजमेर मण्डल, अजमेर

www.rajteachers.com

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मा.) हनुमानगढ़

## उपस्थिति प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि अंग्रेजी विषय की कार्यशाला में निम्न व्याख्याता / वरिष्ठ अध्यापक ने दिनांक 31 जनवरी 2017 को ग्रामोत्थान शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय संगरिया में भाग लिया। इन्हें नियमानुसार यात्रा–भत्ता एवं यात्रा–काल देय होगा।

| क.स. | सम्भागी का नाम श्री / श्रीमती | पद | पदस्थापन स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | हंसराज गहलोत | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | रामावि गाजुवास चुरु |
| 2 | दयाराम मीणा | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि 6 एसकेएम धड़साना |
| 3 | कंवरपाल | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि अलाई राजगढ़ |
| 4 | मदनमोहन गुप्ता | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि दरीकहर,करोली |
| 5 | प्रमोद कुमार यादव | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि मुल्हा,बानसुर अलवर |
| 6 | राजपाल सिंह | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि बहरोज,मुण्डावर,अलवर |
| 7 | लखन सिंह मीणा | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि, काजलिया,बांसवाड़ा |
| 8 | पपूराम डूडी | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि करना,बाड़मेर |
| 9 | दिनेश कुमार पण्ड्या | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि राणौली,डुंगरपुर |
| 10 | विष्णु कुमार | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि गोराडी,डुंगरपुर |
| 11 | जयप्रकाश डिडारिया | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | रामावि गढ़रा,हनुमानगढ़ |
| 12 | विष्णु दत्त कटारा | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि कामा,भरतपुर |
| 13 | बलराज चण्डी | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि भानेका गाव |
| 14 | रिछपाल सिंह | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राबाउमावि मडावा |
| 15 | प्रमोद कुमार | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि खीपसर |
| 16 | सुरेश कुमार शर्मा | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि कुमावास झुंझनु |
| 17 | सुनीता | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राउमावि ननाउ नोहर |
| 18 | गोकुल राम रावल | वरिष्ठ अध्यापक / व्याख्याता | राबाउमावि पीडवाडा |

www.rajteachers.com

जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक हनुमानगढ़

क्रमांकः– 4523

दिनांकः– 8.2.201

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ :-**

1. श्रीमान निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर
2. श्रीमान उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर मण्डल,बीकानेर
3. श्रीमान् उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा अजमेर,भरतपुर,चुरू, जयपुर,जोधपुर, पाली, उदयपुर, भेजकर निवेदन है कि सम्बन्धित सम्भागियों की उपस्थिति सूचना सादर प्रेषित है।
4. सम्बन्धित संस्था प्रधान / कार्मिक।

जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक हनुमानगढ़

TOTAL LETTER P.SHARMA COM.

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–मा/माध्य/निप्र/ नवाचार/2017/133 दिनांक : 13/07/2017

1. समस्त मण्डल उप निदेशक
   माध्यमिक शिक्षा

2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
   माध्यमिक –प्रथम / द्वितीय

**विषय :–** अधीनस्थ संस्था प्रधानों को बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु सार्थक कार्य योजना बनाकर क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित करने बाबत् ।

**प्रसंग :–** शासन का पत्रांक :प.01(05)प्राशि/आयो./2.17, जयपुर, दिनांक :28.06.2017

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि विगत वर्षों में राज्य सरकार द्वारा शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु लागू की गई विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं एवं उठाए गए सकारात्मक कदमों के प्रतिफल में बोर्ड परीक्षा परिणाम में मात्रात्मक एवं गुणात्मक रूप से उत्तरोत्तर सुधार परिलक्षित हुआ है । राज्य में विगंत वर्ष की तुलना में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षाओं के परिणाम का तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है :–

**<u>कक्षा : 10 व 12 के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के परीक्षा परिणाम का गत वर्ष से तुलनात्मक विवेचन :–</u>**

| परीक्षा का नाम | वर्ग | वर्ष 2016– परीक्षा परिणाम प्रतिशत में | वर्ष 2017 – परीक्षा परिणाम प्रतिशत में |
|---|---|---|---|
| माध्यमिक | – | 75.89 % | 78.96 % |
| उच्च माध्यमिक | कला | 86.51 % | 89.05 % |
| | विज्ञान | 88.53 % | 90.36 % |
| | वाणिज्य | 88.61 % | 90.88 % |

उपर्युक्त विवरण से यह स्पष्ट है कि माध्यमिक परीक्षा एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा के तीनों वर्गों (कला,वाणिज्य एवं विज्ञान ) में बोर्ड परीक्षा परिणाम समग्र एवं पृथक्–पृथक् रूप से सुधरे हैं, परन्तु कुछ जिलों / विद्यालयों के परीक्षा परिणाम में सुधार अभी भी अपेक्षित है । माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा–2017 में बोर्ड के औसत परिणाम से न्यून स्तर प्रदर्शित करने वाले जिलों का परीक्षा व वर्गवार पृथक्–पृथक् विवरण निम्नानुसार है :–

| वर्ष : 2017 में बोर्ड के औसत परीक्षा परिणाम से न्यून परिणाम वाले जिलों का विवरण | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | बोर्ड के औसत परीक्षा परिणाम से न्यून परीक्षा परिणाम वाले जिले | | | | | | | |
| | माध्यमिक परीक्षा – 2017 | | उच्च माध्यमिक परीक्षा – 2017 | | | | | |
| | | | कला वर्ग | | वाणिज्य वर्ग | | विज्ञान वर्ग | |
| | जिला कोड | जिला | जिला कोड | जिला | जिला कोड | जिला | जिला कोड | जिला |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 101 | अजमेर | 101 | अजमेर | 101 | अजमेर | 105 | भरतपुर |
| 2 | 103 | बांसवाड़ा | 102 | अलवर | 102 | अलवर | 106 | भीलवाड़ा |
| 3 | 106 | भीलवाड़ा | 103 | बांसवाड़ा | 106 | भीलवाड़ा | 108 | बून्दी |
| 4 | 108 | बून्दी | 107 | बीकानेर | 108 | बून्दी | 109 | चित्तौड़गढ़ |
| 5 | 109 | चित्तौड़गढ़ | 109 | चित्तौड़गढ़ | 109 | चित्तौड़गढ़ | 110 | चूरू |
| 6 | 111 | डूंगरपुर | 111 | डूंगरपुर | 110 | चूरू | 111 | डूंगरपुर |
| 7 | 116 | झालावाड़ | 117 | जोधपुर | 111 | डूंगरपुर | 113 | जैसलमेर |



www.rajteachers.com

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 118 | कोटा | 118 | कोटा | 116 | झालावाड़ | 118 | कोटा |
| 9 | 120 | पाली | 120 | पाली | 118 | कोटा | 120 | पाली |
| 10 | 121 | सवाई माधोपुर | 121 | सवाई माधोपुर | 120 | पाली | 121 | सवाई माधोपुर |
| 11 | 123 | सिरोही | 123 | सिरोही | 121 | सवाई माधोपुर | 123 | सिरोही |
| 12 | 126 | उदयपुर | 126 | उदयपुर | 122 | सीकर | 124 | श्रीगंगानगर |
| 13 | 127 | धौलपुर | 128 | दौसा | 124 | श्रीगंगानगर | 125 | टोंक |
| 14 | 128 | दौसा | 130 | राजसमन्द | 126 | उदयपुर | 126 | उदयपुर |
| 15 | 129 | बारां | 132 | करौली | 127 | धौलपुर | 127 | धौलपुर |
| 16 | 130 | राजसमन्द | | | 129 | बारां | 128 | दौसा |
| 17 | 132 | करौली | | | 130 | राजसमन्द | 129 | बारां |
| 18 | 133 | प्रतापगढ़ | | | 132 | करौली | 130 | राजसमन्द |
| 19 | | | | | | | 132 | करौली |
| 20 | | | | | | | 133 | प्रतापगढ़ |

उपर्युक्त विवरण से यह स्पष्ट है कि सात जिलों – डूंगरपुर, कोटा, पाली, सवाई माधोपुर, उदयपुर, राजसमन्द तथा करौली में माध्यमिक परीक्षा तथा उच्च माध्यमिक परीक्षा के तीनों वर्गों (कला, वाणिज्य तथा विज्ञान) में समग्र परीक्षा परिणाम बोर्ड के औसत परीक्षा परिणाम से न्यून है, जो कि चिन्ताजनक है । इसी प्रकार चित्तौड़गढ़ जिले में उच्च माध्यमिक परीक्षा के तीनों ही वर्गो का समग्र परीक्षा परिणाम बोर्ड के औसत परीक्षा परिणाम से न्यून रहा है । उक्त आठों जिलों की यह स्थिति उन जिलों में शिक्षण व्यवस्था की शोचनीय दशा जाहिर करती है । अतः सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारियों को आगामी वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में जिले के परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु सम्पूर्ण जिले के लिए वृहद् कार्य योजना माह जुलाई में ही निर्मित की जाकर तदनुसार सार्थक क्रियान्विति हेतु निर्देशित किया जाता है । साथ ही माध्यमिक परीक्षा एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा के विभिन्न वर्गों (कला,वाणिज्य एवं विज्ञान ) में बोर्ड के औसत परीक्षा परिणाम से न्यून स्तर प्रदर्शित करने वाले अन्य जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा भी सम्बन्धित कक्षा/वर्गों हेतु परीक्षा परिणाम उन्नयन की वृहद् कार्य योजना निर्मित की जाकर क्रियान्विति सुनिश्चित की जानी है ।

उपर्युक्त वर्णित जिलों के लिए निर्मित की जाने वाली वृहद् कार्य योजना के साथ ही राज्य के शेष समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा भी शासन के निर्देशों के अनुरूप आगामी वर्ष के लिए बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु सार्थक एवं परिणामोन्मुख कार्य योजना निर्मित करते समय अग्रांकित बिन्दुओं की तरफ विशेष ध्यान दिया जाना सुनिश्चित किया जाए :–

1. <u>**निर्धारित मानदण्डों से न्यून परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों हेतु विशिष्ट कार्य योजना :–**</u>

वर्ष 2017 की उच्च माध्यमिक परीक्षा में सम्पूर्ण राज्य में 351 विद्यालयों का परीक्षा परिणाम प्रतिशत निर्धारित मानदण्डों से न्यून रहा है, वहीं माध्यमिक परीक्षा में ऐसे विद्यालयों की कुल संख्या 1354 है । एतदर्थ प्रदेश में 1705 (351+1354) राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर न्यूनतम निर्धारित मानदण्डों से भी न्यून स्तर पर है, अतः समस्त सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा उक्त समस्त विद्यालयों हेतु इस सत्र में बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन की विशिष्ट कार्य योजना निर्मित करवाई जाएगी , जिसकी क्रियान्विति / प्रगति समीक्षा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के शैक्षिक प्रकोष्ठ द्वारा सत्रपर्यन्त की जानी सुनिश्चित की जाएगी । निर्धारित मानदण्डों से न्यून बोर्ड परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों का जिलेवार विवरण अग्रांकित सारणी के अनुसार है :–

www.rajteachers.com

| बोर्ड परीक्षा – 2017 में निर्धारित मानदण्डों से न्यून परीक्षा परिणाम वाले राजकीय विद्यालयों का जिलेवार संख्यात्मक विवरण :: | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जिला कोड | जिला | उच्च माध्यमिक परीक्षा में न्यून परिणाम वाले विद्यालयों की संख्या | माध्यमिक परीक्षा में न्यून परिणाम वाले विद्यालयों की संख्या | कुल विद्यालय |
| 1 | 101 | अजमेर | 14 | 49 | 63 |
| 2 | 102 | अलवर | 10 | 64 | 74 |
| 3 | 103 | बांसवाड़ा | 25 | 63 | 88 |
| 4 | 129 | बारां | 8 | 36 | 44 |
| 5 | 104 | बाड़मेर | 7 | 40 | 47 |
| 6 | 105 | भरतपुर | 16 | 48 | 64 |
| 7 | 106 | भीलवाड़ा | 8 | 62 | 70 |
| 8 | 107 | बीकानेर | 5 | 22 | 27 |
| 9 | 108 | बून्दी | 5 | 33 | 38 |
| 10 | 109 | चितौड़गढ़ | 18 | 65 | 83 |
| 11 | 110 | चूरू | 2 | 22 | 24 |
| 12 | 128 | दौसा | 12 | 32 | 44 |
| 13 | 127 | धौलपुर | 5 | 49 | 54 |
| 14 | 111 | डूंगरपुर | 23 | 34 | 57 |
| 15 | 124 | श्रीगंगानगर | 14 | 32 | 46 |
| 16 | 131 | हनुमानगढ़ | 2 | 7 | 9 |
| 17 | 112 | जयपुर | 3 | 53 | 56 |
| 18 | 113 | जैसलमेर | 3 | 7 | 10 |
| 19 | 114 | जालौर | 4 | 24 | 28 |
| 20 | 116 | झालावाड़ | 6 | 37 | 43 |
| 21 | 115 | झुंझुनू | 3 | 18 | 21 |
| 22 | 117 | जोधपुर | 14 | 41 | 55 |
| 23 | 132 | करौली | 12 | 51 | 63 |
| 24 | 118 | कोटा | 5 | 40 | 45 |
| 25 | 119 | नागौर | 17 | 43 | 60 |
| 26 | 120 | पाली | 26 | 61 | 87 |
| 27 | 133 | प्रतापगढ़ | 6 | 55 | 61 |
| 28 | 130 | राजसमन्द | 6 | 45 | 51 |
| 29 | 122 | सीकर | 11 | 18 | 29 |
| 30 | 123 | सिरोही | 6 | 23 | 29 |
| 31 | 121 | सवाई माधोपुर | 7 | 33 | 40 |
| 32 | 125 | टोंक | 5 | 20 | 25 |
| 33 | 126 | उदयपुर | 43 | 127 | 170 |
| | | **महायोग** | **351** | **1354** | **1705** |

कार्यालय का पता :– निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

www.rajteachers.com

2. सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने जिले में उपर्युक्त सारणी में प्रदर्शित न्यून परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों को तत्काल चिन्हित करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षा में उक्त विद्यालयों के परीक्षा परिणाम उन्नयन की सुनिश्चिता हेतु निम्नांकित निर्देशों की पालना करते हुए ठोस कार्य योजना निर्मित कर क्रियान्विति सुनिश्चित की जाएगी :–

i. न्यून परीक्षा परिणाम वाले समस्त विद्यालयों को चिन्हित कर सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधिकारी स्वयं तथा कार्यालय में पदस्थापित अति.जिशिअ, शैक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी को सम्मिलित करते हुए उक्त विद्यालयों के परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु प्रत्येक विद्यालय के लिए एक प्रभारी अधिकारी नामित करेंगे । जिन जिलों में ऐसे विद्यालयों की संख्याा अपेक्षाकृत अधिक है, वहां RMSA के जिला कार्यालय में पदस्थापित अधिकारियों को भी आवश्यकतानुसार उक्त कार्य योजना में शामिल किया जा सकता है ।

ii. सम्बन्धित विद्यालय हेतु नामित प्रभारी अधिकारी द्वारा आवंटित विद्यालयों को सत्रपर्यन्त परिवीक्षण योजना में प्राथमिकता से शामिल किया जाएगा तथा उक्त विद्यालयों के संस्था प्रधान एवं स्टाफ की बैठक आयोजित कर परीक्षा परिणाम उन्नयन की वृहद् कार्य योजना तैयार की जाएगी । प्रभारी अधिकारी द्वारा न्यून परीक्षा परिणाम से सम्बन्धित कारणों का निदान किया जाकर उपलब्ध स्टाफ को आवश्यकतानुसार सम्बलन प्रदान करते हुए आगामी वर्ष में परीक्षा परिणाम की गुणवत्ता सुधार हेतु ठोस कार्यवाही सम्पादित की जाएगी । प्रभारी अधिकारी द्वारा परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु उक्त विद्यालयों का योजनानुरूप सत्र पर्यन्त सतत् पर्यवेक्षण एवं समुचित प्रवोधन किया जाएगा ।

iii. जिशिअ कार्यालय के शैक्षिक प्रकोष्ठ द्वारा उपर्युक्त विद्यालयों की परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्य योजना बाबत् पत्रावली संधारित की जाएगी, जिसका अवलोकन एवं प्रगति समीक्षा स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सतत् रूप से की जाएगी ।

iv. मण्डल उप निदेशक द्वारा मण्डल क्षेत्राधिकार के उपर्युक्त चिन्हित विद्यालयों का फील्ड पर्यवेक्षण के दौरान प्राथमिकता से निरीक्षण किया जाएगा तथा परीक्षा परिणाम उन्नयन के सम्बन्ध में जिला कर्यालय द्वारा सम्पादित कार्यवाही एवं प्रयासों की मासिक आधार पर समीक्षा की जाएगी । मण्डलाधिकारी द्वारा आगामी वर्ष आयोजित बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषणा उपरान्त क्षेत्राधिकार के समस्त जिला कार्यालयों के अधीन उपर्युक्त चिन्हित समस्त विद्यालयों के परीक्षा परिणाम की समीक्षा एवं तुलना गत वर्ष से करते हुए परिणाम उन्नयन हेतु किए गए प्रयासों के परिप्रेक्ष्य में विद्यालय स्टाफ एवं संस्था प्रधान के साथ ही नामित प्रभारी अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा ।

3. **पाठ्यक्रम की पूर्णता :–**

मौजूदा सत्र के प्रारम्भ से ही प्रदेशभर की उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नव नियुक्ति द्वारा व्याख्याताओं के पदों को भरे जाने की कार्यवाही सम्पादित की जा चुकी है । डीपीसी चयनित प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों, व्याख्याताओं एवं वरिष्ठ अध्यापकों के रिक्त पदों पर पदस्थापन तथा 6 (डी) की कार्यवाही द्वारा अध्यापक लेवल–प्रथम तथा द्वितीय के रिक्त पदों पर प्रारम्भिक शिक्षा से अध्यापकों के समायोजन पश्चात् अधिकांश रिक्त पद भर जाएंगे । उक्तानुरूप उत्साहजनक शैक्षिक परिदृश्य में समस्त संस्था प्रधानों से यह अपेक्षा की जाती है कि विद्यालय में अनुकूल शैक्षिक पर्यावरण विकसित करते हुए बोर्ड कक्षाओं का पाठ्यक्रम निर्धारित समयावधि (अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं से पूर्व) में पूर्ण करवाए जाने की कार्यवाही प्राथमिकता से सम्पादित करावें । इस वर्ष बोर्ड कक्षाओं (कक्षा–10 तथा 12) हेतु नवीन निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप पाठ्यपुस्तकों का प्राकशन राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल, जयपुर द्वारा किया जा चुका है, जिन्हें समस्त पात्र विद्यार्थियों को समय पर निःशुल्क वितरित करवाए जाने की कार्यवाही समस्त संस्था प्रधानों द्वारा ब्लॉक नोडल केन्द्र प्रभारी एवं जिशिअ कार्यालय के सहयोग एवं समन्वय से करवाई जानी सुनिश्चित की जाए ।

4. **अधिगम स्तर के अनुरूप कठिनाई निवारण :–**

विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुनिश्चितता हेतु प्रत्येक कक्षा में अपेक्षाकृत कठिन विषयों में विद्यार्थियों का अधिगम स्तर के अनुरूप चिन्हीकरण कर अतिरिक्त कक्षओं के माध्यम से उपचारात्मक शिक्षण की सार्थक व्यवस्था करवाई जानी सुनिश्चित की जाए, जिससे कि विद्यार्थियों की अवबोधन (Understanding) क्षमता का विकास कर उनके अधिगम स्तर (Learning Level) में सुधार लाया जा सके ।



www.rajteachers.com

अतिरिक्त कक्षाओं के आयोजन तथा उपचारात्मक शिक्षण की प्रभावी व्यवस्था से विद्यालय के बोर्ड परीक्षा परिणाम में निश्चय ही आशातीत गुणात्मक सुधार परिलक्षित होगा ।

5. **पुनरावृत्ति एवं यूनिट टैस्ट :-**

परख एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से प्रत्येक कक्षा में विषयाध्यापक द्वारा कमजोर अधिगम स्तर वाले विद्यार्थियों का चिन्हीकरण सुगमता से किया जा सकेगा । शीतकालीन अवकाशोपरान्त बोर्ड कक्षाओं में पुनरावृति के साथ – साथ विषयाध्यापक द्वारा यूनिट टैस्ट के माध्यम से उपचारात्मक शिक्षण की लब्धि का मूल्यांकन भी सतत् रूप से किया जाए । आशानुरूप लब्धि प्राप्त न हाने पर बोर्ड परीक्षा से तत्काल पूर्व किए जाने वाले दो सप्ताह के परीक्षा तैयारी अवकाश का उपयोग चिन्हित विद्यार्थियों के उपचारात्मक शिक्षण हेतु अतिरिक्त कक्षाओं के आयोजन अथवा सुपरवाइज्ड स्टडी (सम्बन्धित विषयाध्यापक द्वारा विद्यार्थी को सम्मुख बैठाकर व्यक्तिगत अध्यापन) के रूप में किया जावे ।

6. **संस्था प्रधान व विषयाध्यापक की भूमिका :-**

परीक्षा परिणाम में पाठ्यक्रम को प्रभावी तरीके से पूर्ण करवाने के सम्बन्ध में संस्थाप्रधान का पर्यवेक्षण प्रभावी होने के साथ – साथ सम्बन्धित व्याख्याता/विषयाध्यापक की रूचि एवं लगन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि इनके द्वारा विद्यार्थियों की पहचान प्रभावी तरीके से की जाकर अतिरिक्त कक्षाओं/रेमेडियल क्लासेज के माध्यम से प्रभावी शिक्षण करवाया जाए, तो निश्चित रूप से बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार के साथ – साथ विद्यार्थियों का विद्यालय के प्रति लगाव भी बढ़ेगा । इस सम्बन्ध में समस्त संस्था प्रधानों एवं शिक्षकों से यह अपेक्षा है कि वे प्रभावी पर्यवेक्षण के साथ – साथ स्वयं आगे बढ़कर प्रेरणादायक नेतृत्व का परिचय देते हुए विद्यार्थियों के प्रति मार्ग दर्शक की भूमिका का उचित रीति से निर्वहन करेंगे ।

सम्पूर्ण क्षेत्राधिकार में उपर्युक्त निर्देशों की पालना सर्वोच्च प्राथमिकता से करवाई जानी सुनिश्चित करें ।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार , जयपुर ।
2. निजी सचिव, शासन सचिव , स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर ।
3. संयुक्त शासन सचिव, प्रारम्भिक शिक्षा (आयोजना) विभाग, राजस्थान, जयपुर को प्रासंगिक पत्र के क्रम में सूचनार्थ ।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड एवं समस्त राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के ई–मेल पते पर प्रेषित करने हेतु ।
5. सहायक निदेशक (शाला दर्पण), कार्यालय हाजा को "शाला दर्पण पोर्टल" पर अपलोड करने हेतु ।
6. वरिष्ठ सम्पादक ,"शिविरा", प्रकाशन अनुभाग, कार्यालय हाजा को आगामी अंक में प्रकाशनार्थ
7. रक्षित पत्रावली।

**उप निदेशक (माध्यमिक)**
**माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान**
**बीकानेर**

www.rajteachers.com